**फा.सं. 3.13(4)/2015-सामान्य-I**

संघ लोक सेवा आयोग

**धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड,**

**नई दिल्ली-110069**

दिनांक: 16.12.2016

सेवा में

---------
---------
---------

विषय:- पर्दों, कालीन और सोफा आदि की ड्राई क्लीनिंग के लिए निविदा आमंत्रण नोटिस (एन आई टी)

प्रिय महोदय,

उल्लिखित मदों की ड्राई क्लीनिंग के लिए निविदा प्रस्तुत करने के लिए विहित संलग्न प्रारूप में मुहरबंद बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:-

(i)निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख एवं समय : 11.01.2017 को **3.00 बजे** अपराह्न तक

(ii)निविदा प्रस्तुत करने का स्थान: इस कार्यालय के 'सी' गेट के स्वागत कक्ष पर रखे निविदा बाक्स में

(iii)निविदा खोलने की तारीख एवं समय : 11.01.2017 को **3.30 बजे** अपराह्न में

(iv)निविदा खोलने का स्थान : कमरा सं. 101, आयोग सचिवालय भवन

**टिप्पणी:** उपर्युक्त तारीखों में से किसी भी तारीख को इस कार्यालय के लिए अवकाश /छुट्टी घोषित होने की स्थिति में निविदा/बोलियां अगले कार्यदिवस को नियत समय पर प्राप्त/खोली जाएंगी।

2.1 **देर से प्राप्त बोली :** विनिर्दिष्ट तारीख और समय के बाद प्राप्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

2.2 अधूरी बोलियों और बोलियों को प्राप्त करने की नियत समय सीमा की समाप्ति के बाद बोली में किसी संशोधन एवं उसमे किसी बात के जोड़ने की अनुमति नहीं है और ऐसी बोलियों को अस्वीकृत किया जा सकता है।

2.3 काट छांट / ओवर राइटिंग, यदि कोई हो, के लिए प्रति हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। बोली के प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत मुहर लगाई जानी चाहिए और प्राधिकृत हस्ताक्षकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

3. **जमा धरोहर राशि (ई. एम. डी.)**

3.1 **जमा धरोहर राशि:** बोली के साथ सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली-110069 के पक्ष में 5000/- रू. (पांच हजार रू. मात्र) की जमा धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर संलग्न किया जाना चाहिए । जमा धरोहर राशि के बिना बोलियों को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा और अन्य किसी रूप में जमा धरोहर राशि अर्थात चेक, नकद, पोस्टल आर्डर पर विचार नहीं किया जाएगा।

3.2 जमा धरोहर राशि अंतिम निविदा वैधता अवधि से परे 45 दिन की अवधि के लिए वैध रहेगी ।

3.3 सभी असफल बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत जमा धराहर राशि को संविदा को अंतिम रूप दिए जाने के बाद उन्हें बिना किसी ब्याज के, जो भी हो, लौटा दी जाएगी। सफल बोलीदाता(ओं) की जमा धरोहर राशि को उनसे निष्पादन प्रतिभूति की प्राप्ति के बाद लौटा दिया जाएगा।

4. **निष्पादन प्रतिभूति:**

4.1 सफल बोलीदाता को संविदा देने की तारीख से सात दिन के भीतर सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पक्ष में देय संविदा के कुल वार्षिक मूल्य के 10% के समकक्ष किसी वाणिज्यिक बैंक का आदाता खाता डिमांड ड्राफ्ट/ मियादी जमा रसीद / बैंक गारंटी के रूप में निष्पादन प्रतिभूति जमा करानी होगी ऐसा न करने पर जमा धरोहर राशि को जब्त कर लिया जाएगा और संविदा को भी निरस्त किया जा सकता है।

4.2 निष्पादन प्रतिभूति सभी संविदात्मक बाध्यता जिसमें वारंटी बाध्यताएं शामिल हैं को पूरा होने की तारीख से परे साठ दिन की अवधि के लिए वैध रहेगी ।

5. बोलीदाता को बोली फार्म के अनुसार ही अपनी शर्त रहित दरों का उल्लेख करना चाहिए। कर, यदि कोई हो, को पूरा विवरण देते हुए दर्शाया जाना चाहिए अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि उक्त दरों में सभी कर शामिल हैं और किसी भी परिस्थिति में किसी बढ़ोतरी के किसी भी अनुवर्ती अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. **बोलियों का मूल्यांकन:**

वित्तीय बोली प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित प्रारूप में ही बोली प्रस्तुत की जानी चाहिए। समग्र एल-1 दर के आधार पर एल-1 फर्म का निर्णय किया जाएगा।

7. **भुगतान शर्तें:** भुगतान धुलाई कार्य संतोषजनक रूप से धुलाई की गई सामग्री के पूरी और अच्छी स्थिति में प्राप्त करने के बाद मासिक आधार पर जारी किया जाएगा।

8. **क्षति/शास्ति खंड**

8.1 किसी भी माह के विशेष दिन के कार्य के असंतोषजनक निष्पादन की स्थिति में यह कार्यालय उस विशेष माह में कुल बिल राशि की 2% राशि की कटौती करेगा।

8.2 यदि कार्य का असंतोषजनक निष्पादन उस विशेष माह के दौरान एक से अधिक दिन और पांच दिन तक पाया जाता है तो उस विशेष माह के बिल से कुल बिल राशि की 10% राशि की कटौती की जाएगी।

8.3 तथापि, यदि कार्य का असंतोषजनक निष्पादन किसी माह में पांच से अधिक दिन और 10 दिनों से कम पाया जाता है तो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा उस विशेष माह की कुल बिल राशि में से 50% राशि की कटौती की जाएगी। ऐसी स्थिति में इस कार्यालय के सक्षम प्राधिकारी के पास संविदा को समाप्त करने और संविदाकर्ता की निष्पादन प्रतिभूति को जब्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

8.4 मदों को किसी प्रकार की क्षति और इनके रंग खराब होने आदि के लिए उत्तरदायी संविदाकर्ता होगा । मदों के खराब हो जाने की लागत संविदाकर्ता से वसूली जाएगी और इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा ।

8.5 संविदाकर्ता की सेवा गुणवत्ता के संबंध में इस कार्यालय के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा ।

9. **अन्य निबंधन एवं शर्तें** :

9.1 पर्दों, कालीन और सोफा आदि की धुलाई दरें संविदा देने की तारीख से प्रभावी होंगी और एक वर्ष की अवधि के लिए वैध रहेंगी । इस बीच दरों में संशोधन के किसी अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

9.2 धुलाई की दरें संलग्न प्रारूप में प्रति पीस / प्रति वर्ग फीट /प्रति पैनल मदवार उद्धृत की जानी चाहिए।

9.3 लागू कर, यदि कोई हो, को पूर्ण विवरण सहित दिखाया जाना चाहिए अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि दरों में सभी कर शामिल हैं और किसी भी परिस्थिति में किसी प्रकार की बढ़ोतरी के लिए अनुवर्ती अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

9.4 यह कार्यालय सफल बोलीदाता के साथ संविदा की समान दरों, निबंधन एवं शर्तों पर एक और वर्ष अथवा उसके भाग के लिए संविदा को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है; यदि संविदाकर्ता की सेवाएं संतोषजनक पाई जाती हैं।

9.5 प्रत्येक बोलीदाता को यह प्रमाणित करना होगा कि उन्हें सभी निबंधन एवं शर्तें स्वीकार्य हैं।

9.6 सचिव, संघ लोक सेवा आयोग निविदा को पूरी तरह से अथवा उसके किसी भाग को बिना कोई कारण बताए स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। इस संबंध में सचिव, संघ लोक सेवा आयोग का निर्णय अंतिम और फर्म पर बाध्यकारी होगा।

**(अनिल कुमार)**
**अवर सचिव (बै. एवं अनु.)**
**दूरभाश: 23388418**

## ड्राई क्लीनिंग कार्य के लिए वित्तीय निविदा हेतु प्रारूप

फर्म का नाम एवं पता :

जमा धरोहर राशि का विवरण : बैंक का नाम- बैंक ड्राफ्ट / बैंकर चैक सं. आदि

दूरभाष सं. : (नि.):- (का.):-

(मो.):-

| क्रम सं. | मदें | मात्रा (मासिक धुलाई) (लगभग) | कोटेशन | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | इकाई | दर प्रति धुलाई/प्रति पीस/ प्रति पैनल | रकम | वैट/बिक्री कर/ सेवा कर/कोई अन्य सरकारी लेवियां | कुल रकम 6+7 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कालीन | 20 | प्रति वर्ग फीट | | | | |
| 2 | सोफा-सह-बेड | 1 | प्रति पीस | | | | |
| 3 | 3-सीटर सोफा | 10 | प्रति पीस | | | | |
| 4 | सोफा चेयर | 50 | प्रति पीस | | | | |
| 5 | कुशन चेयर | 200 | प्रति पीस | | | | |
| 6 | पर्दे | 20 | प्रति पैनल | | | | |
| 7 | कंबल(सिंगल बेड) | 10 | प्रति पीस | | | | |
| 8 | वर्टिकल ब्लाइंड | 10 | प्रति वर्ग फीट | | | | |
| 9 | | | | | | कुल योग | * |

* इस दर को एल-1 फर्म के लिए निर्णय लेने में विचार किया जाएगा

<u>टिप्पणी:</u> वैट / बिक्री कर / सेवा कर / कोई अन्य सरकारी लेवियां, यदि कोई हों, को अलग से उद्धृत किया जाना चाहिए, अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि उद्धृत दर में वैट / बिक्री कर / सेवा कर / कोई अन्य सरकारी लेवियां शामिल हैं।

मालिक का नाम एवं हस्ताक्षर:

………………………………………………….

दिनांक सहित हस्ताक्षर

### घोषणा

मैं ………………………………… प्रमाणित करता हूं कि मुझे निविदा आमंत्रण सूचना की सभी निबंधन एवं शर्तें स्वीकार्य हैं।

(तारीख, नाम सहित हस्ताक्षर)